पंजाब के पटियाला में भाखड़ा मेन लाइन नहर पर बना पुल ढहा; किसी के हताहत होने की सूचना नहीं

चंडीगढ़, 19 नवंबर 2026: एनएच-64 (नया एनएच-07) के पटियाला बाईपास खंड पर, खंड के बाईं ओर (LHS) भाखड़ा मेन लाइन नहर पर बना 60 मीटर लंबा स्टील ट्रस ब्रिज आज सुबह लगभग 6:00 बजे ढह गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

एनएचएआई (NHAI) की घटना प्रबंधन टीम ने स्थिति पर तुरंत प्रतिक्रिया दी और सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात को सर्विस रोड पर मोड़ दिया। तत्काल सुरक्षा उपाय के रूप में, वाहनों की आवाजाही को सचेत करने और नियंत्रित करने के लिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा बैरिकेडिंग करने के साथ-साथ घटनास्थल पर रोड सेफ्टी मार्शल तैनात किए गए हैं। प्रभावित क्षेत्र को सुरक्षित करने के लिए ढहे हुए हिस्से के चारों ओर पर्याप्त संकेतक (साइनेज) और प्रकाश की व्यवस्था भी की जा रही है।

क्षतिग्रस्त पुल पर यातायात बहाल करने के लिए, एनएचएआई 60 मीटर स्पैन वाले बेली ब्रिज (Bailey bridge) को जुटा रहा है, जिसका उपयोग मूल रूप से वल्लाह (अमृतसर) में यातायात परिवर्तन (डायवर्जन) के लिए किया जाना था। बेली ब्रिज के माध्यम से यातायात की बहाली अगले 3-4 दिनों के भीतर पूरी कर ली जाएगी।

एनएचएआई ने पुल के ढहने के कारणों की जांच करने और ऐसी घटनाओं से बचने के लिए उपचारात्मक उपाय सुझाने के लिए एक विशेषज्ञ समिति का भी गठन किया है।

चार लेन वाला पटियाला बाईपास खंड वर्तमान में एनएचएआई के अल्पकालिक रखरखाव अनुबंध (Short-Term Maintenance Contract) के तहत है और इसे 2018 में एनएचएआई को सौंपा गया था। चार-लेनिंग का कार्य पीडब्ल्यूडी (PWD) पंजाब की देखरेख में बीआरओ (BRO) द्वारा निष्पादित किया गया था।

एनएचएआई सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और प्रभावित हिस्से में यातायात की सुरक्षित और सुगम आवाजाही की सुविधा के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहा है।

****